**Regarding need to control OTT and social media platforms streaming objectionable and obscene contents-Laid**

श्री नरेश गणपत म्हस्के **(ठाणे) :** सोशल मीडिया और OTT प्लेटफार्मों पर प्रसारित होने वाली अश्लील और विकृत सामग्री हमारे राष्ट्र के सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों पर गहरा प्रहार कर रही है। यह न केवल हमारी पारिवारिक व्यवस्था की पवित्रता को नुकसान पहुँचा रही है,बल्कि समाज में असुरक्षित वातावरण पैदा कर रही है ।हाल की घटनाएँ,जैसे आंध्र प्रदेश में 8 वर्षीय लड़की की त्रासदी और डुंगरपुर व छत्तीसगढ़ की घटनाएँ, इस विकृति का उदाहरण हैं । इस सामग्री का प्रसार युवाओं में अपराध और भटकाव को बढ़ावा देता है । पैसा कमाने की प्रणाली ने इसे एक घातक इकोसिस्टम बना दिया है, जिसे तोड़ने के लिए कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है ।माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी OTT प्लेटफार्मों के नियंत्रण की कमी पर चिंता जताई है । मौजूदा कानूनों जैसे BNS एक्ट, महिलाओं का अभद्र प्रतिनिधित्व अधिनियम,और IT एक्ट में संशोधन कर कठोर प्रावधान जोड़े जाने चाहिए, ताकि ऐसी सामग्री के प्रसार को रोका जा सके और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को सजा मिले ।यह मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम का देश है,जहाँ शील और नैतिकता का विशेष महत्व है ।अश्लील सामग्री से नागरिकों के मन,शरीर और आत्मा पर गहरा और हानिकारक प्रभाव पड़ता है । मेरा सरकार से अनुरोध है कि OTT और सोशल मीडिया पर अश्लील और विकृत सामग्री पर सख्त नियंत्रण के लिए कार्यवाई करें ।

?(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** सभा की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

**<u>13.01 hrs</u>**

*The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock*

**<u>14.00 hrs</u>**

*The Lok Sabha reassembled at Fourteen of the Clock*

(Shrimati Sandhya Ray *in the Chair*)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, श्री गौरव गोगोई जी ।

श्री गौरव गोगोई **(**जोरहाट**) :** आदरणीय सभापति महोदया, धन्यवाद । हम बस यही आग्रह कर रहे हैं कि हम बार-बार देख रहे हैं कि एक विशेष कंपनी का नाम लेकर सदन और सत्तापक्ष वही पुराने आरोप लगा रहा है । ज़ीरो आवर में सब सदस्यगण प्रत्येक दिन अपना नाम देते हैं, लेकिन उनका नाम बैलेट में नहीं आता है, ? *
(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, यह विषय नहीं है । प्लीज बैठिए ।

? (व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई**:** यह कैसे होता है? ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, प्लीज बैठिए ।

? (व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई**:** जो विषय उठ चुका है । ?

माननीय सभापति **:** आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024, माननीय सदस्य श्री राम शिरोमणि वर्मा जी ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आप सभी माननीय सदस्य बैठ जाइए ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, प्लीज बैठिए ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय मंत्री जी ।

? (व्यवधान)

विधि और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री**;** तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री **(**श्री अर्जुन राम मेघवाल**) :** सभापति जी, यह ठीक नहीं है । चेयर की जो वर्किंग है, लोक सभा सचिवालय की जो वर्किंग है, ये उस पर ही अटैक कर रहे हैं । यह तो ठीक नहीं है । यह कार्यवाही से हटाना चाहिए । यह विषय हटाना चाहिए । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** यह रिकॉर्ड में नहीं जाएगा । इसको रिकॉर्ड से हटा दीजिएगा ।

? (व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई**:** अगर एक विषय उठ गया है तो आप उसको बार-बार नहीं ले सकते हैं । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य राम शिरोमणि वर्मा जी, आप बोलिए ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** मैं सभी माननीय सदस्यों से निवेदन कर रही हूं कि आप बैठिए ।

? (व्यवधान)

**<u>14.01 hrs</u>**